प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार
दिनांक 17.02.2025 समय: 2.10 PM

भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में बड़े तालाब के बोट क्लब पर 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता आज से 21 फरवरी तक मध्यप्रदेश पुलिस की मेजबानी में आयोजित हो रही है।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि,पुलिस अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए नागरिकों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के कार्य के साथ-साथ खेलों में भी अपनी छाप छोड़ रही है।

मुख्यमंत्री
प्रतियोगिता में 22 राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों और केन्द्रीय सशस्त्र बलों के 557 प्रतिभागियों द्वारा सहभागिता की जायेगी। इसमें 132 महिला खिलाड़ी भी शामिल होंगी। पाँच दिवस तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में केनोइंग, क्याकिंग तथा रोइंग की कुल 27 स्पर्धाएं होंगी।

महापौर सम्मेलन
ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की मध्यप्रदेश इकाई द्वारा प्रदेश के नगर निगम महापौरों का सम्मेलन आज इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल से इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए । उन्होंने कहा कि मप्र के सभी नगर निगम में ट्रिपल इंजन सरकार है। नगरीय निकाय अपने पैरों पर खड़े होना चाहिए। इस दिशा में नगर निगम इंदौर ने सोलर से पेयजल पहुंचाने का रास्ता खोजा है वह प्रशंसनीय है। इसलिए सभी नगर निगम को ऐसे ही कदम बढ़ाना चाहिए।

मध्यप्रदेश महापौर परिषद अध्यक्ष पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि कार्यक्रम में राउंड टेबल बैठक होगी। शाम 4 बजे ट्रेंचिंग ग्राउंड देवगुराड़िया का दौरा, शाम 5 से 6 बजे तक 56 दुकान और विश्राम बाग का दौरा निर्धारित है।

परीक्षा पे चर्चा
परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम इस साल कुछ अलग ही ढंग में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के 6 एपिसोड आयोजित किए जा चुके हैं। इसके तहत आज 7वें एपिसोड में मैरी

कॉम, अवनी लेखरा और सुहास यतिराज ने छात्र-छात्राओं से बातचीत की और उन्हें कई टिप्स दिए। अवनि लखेरा ने ध्यान केन्द्रित करने की सलाह दी.

अवनी लखेरा

गिद्ध गणना

प्रदेश में गिद्धों की संख्या और उनकी स्थिति का आकलन करने के लिए आज से शीतकालीन गिद्ध गणना प्रारंभ हो गयी है । यह तीन दिवसीय गिद्ध गणना सुबह 7 बजे से 8 बजे तक होगी। केवल बैठे हुए गिद्धों की गणना की जाएगी। गिद्दों के आंकलन की गणना वर्ष में दो बार की जाती है। शीतकालीन गिद्ध गणना आज से 19 फरवरी तक होगी और ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना 29 अप्रैल को की जाएगी। गिद्ध गणना के लिए मास्टर ट्रेनर द्वारा 900 से अधिक वन अधिकारी-कर्मचारियों, गिद्ध विशेषज्ञों और पक्षी प्रेमियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

समाचार संक्षेप में...

- सीधी में महाकुंभ जा जरा एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया । हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो लोगों की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी । 4 अन्य लोग घायल हुए हैं।
- आगरमालवा जिले के ग्राम सोयतकलां में कीट प्रबंधन सिद्धांतों पर आयोजित हुए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के प्रभारी अधिकारियों ने कीट प्रबंधन के सिद्धांतों की चर्चा की.

- शिवपुरी जिले में शहरी व ग्राम पंचायत स्तर पर बनाए गए जनचेतना केंद्रों पर कल नव साक्षरता परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान 2142 केंद्रों पर 19 हजार से अधिक महिला पुरुष साक्षर बनने के लिए परीक्षा में शामिल हुए।
- धार जिले में भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय बजट को लेकर प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को कल केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और राज्यसभा सांसद कविता पटीदार ने संबोधित किया।
- पन्ना जिले के शाहनगर में खेले गए टेनिस बाल क्रिकेट प्रीमियम लीग -2025 के फाइनल मैच में कल एसीसी इलेवन को हरा कर डीजे इलेवन विजेता बन गई।

-----------------------------